यूपी पुलिस को मिले 8362 दरोगा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद में ली परेड की सलामी

- पुलिस अकादमी में महिला प्रशिक्षु दरोगाओं की हुई पासिंग आउट परेड
- मुख्य अतिथि ने सर्वश्रेष्ठ कैडेटों को सम्मानित भी किया

तेजयुग न्यूज

मुरादाबाद। मुरादाबाद पुलिस अकादमी, पीटीएस और पीटीसी में शनिवार को पासिंग आउट परेड के बाद 2764 दरोगा उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बन गए। पुलिस अकादमी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परेड की सलामी ली, जबकि पीटीएस में 889 महिला दरोगा के बैच को एडीजी ए सतीश गणेश ने शपथ दिलाई।

पीटीसी में आयोजित परेड की सलामी एडीजी अमित चंद्रा ने सलामी ली और शपथ दिलाई। लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश के 11 प्रशिक्षण केंद्रों में लगभग आठ हजार दरोगा प्रदेश पुलिस को मिले। शनिवार को प्रदेश के सभी 11 पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों में पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। मुरादाबाद के तीनों प्रशिक्षण संस्थानों में 2764 दरोगा पास आउट हुए। इसमें 889 महिला दरोगा पासिंग आउट परेड में प्रतिभाग किया। पुलिस अकादमी में पासिंग आउट परेड की सलामी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ली। पीटीएस में

एडीजी सतीश गणेश व पीटीसी में अमित चंद्रा ने पासिंग आउट परेड की सलामी ली। इस दौरान डीजी प्रशिक्षण तिलोत्तमा वर्मा और पुलिस अकादमी के एडीजी राजीव सभरवाल मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने चंदन कुमार मिश्र सर्वांग सर्वोत्तम, खुर्शीद आलम आउट डोर और सौरभ कुमार इनडोर टॉपर को सम्मानित किया।

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चौक चौबंद रही।

डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी के एडीजी राजीव सभरवाल ने बताया कि शनिवार को मुरादाबाद के तीनों संस्थानों समेत 11 स्थानों पर पासिंग आउट परेड होगी। जिसमें 8362 प्रशिक्षु दरोगा पास आउट होंगे। इनमें 1618 महिला दरोगा शामिल हैं।

11 ट्रेनिंग सेंटरों पर लाइव प्रसारण

डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशिक्षु दरोगाओं की पासिंग आउट परेड में भाग लिया। उनके इस संबोधन का उत्तर प्रदेश के 11 ट्रेनिंग सेंटरों पर लाइव प्रसारण किया गया। डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी में 749 प्रशिक्षु दरोगा, पीटीसी में 1136 और पीटीएस में 889 प्रशिक्षु महिला दरोगा का प्रशिक्षण दिया गया है। इन तीनों संस्थानों समेत उत्तर प्रदेश में 11 स्थानों पर प्रक्षिशु दरोगा की पासिंग आउट परेड का होगी। सीएम का संबोधन मुरादाबाद स्थित पीटीसी, पीटीएस, पीटीसी सीतापुर, एटीसी सीतापुर, पीटीएस गोरखपुर, पीटीएस जालौन, एपीटीसी चुनार, पीटीएस सुल्तानपुर, पीटीएस उन्नाव में लाइन प्रसारण होगा।

निमार्णाधीन रिसॉर्ट की छत गिरी नीचे दबे आठ मजदूर, दो की मौत

तेजयुग न्यूज

बहराइच। सीतापुर मार्ग पर स्थित एक रिसॉर्ट में शुक्रवार देर रात को निर्माण के दौरान बल्ली गिरने से छत भी गिर गई जिसके नीचे आठ श्रमिक दब गए। किसी तरह छह श्रमिक बाहर निकाले गए हैं। जबकि दो लोगो की मलबे में दबकर मौत हो गई। कोतवाली देहात के गजपतिपुर गांव में बहराइच सीतापुर मार्ग पर एक रिसॉर्ट स्थित है। यह होटल जिले के डॉक्टर अनिल केडिया का है। होटल में इस समय एक हिस्से में निर्माण कार्य चल रहा है। यहां पर लखनऊ से छत ढलाई के लिए मशीन लेकर लोगों ने बताया कि छत ढलान के दौरान एक बल्ली गिरी।

इसके बाद छत गिर गई। जिसके नीचे कोतवाली देहात के चेतरा सबलापुर निवासी राहुल वर्मा, श्रावस्ती जिले के उत्तमापुर निवासी

राहुल समेत आठ लोग दब गए। किसी तरह छह श्रमिक बाहर निकाले गए। सभी को अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया गया। देर रात तक रेस्क्यू जारी रहा। इस हादसे में घायल हुए 9 श्रमिको का इलाज चल रहा है। कोतवाल देहात वीके मिश्रा ने बताया कि मलबे में रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम शहनवाजपुर निवासी श्रमिक सलीम और जोगेंद्र की दबकर मौत हो गई।

घटना की जानकारी पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, एसडीएम महसी और सीओ सिटी राजीव सिसोदिया आदि ने पहुंचकर जांच की है।

पूर्व आईएएस नवनीत सहगल बने प्रसार भारती के चेयरमैन

तीन वर्ष का होगा कार्यकाल, 35 वर्ष बाद हुए थे रिटायर

तेजयुग न्यूज

लखनऊ। यूपी के पूर्व आईएएस अधिकारी नवनीत सहगल जी को प्रसार भारती का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। सूचना व प्रसारण मंत्रालय ने उनके नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। सहगल का यह कार्यकाल 3 वर्ष का होगा। बसपा, सपा और भाजपा सरकार में अहम भूमिका में रहे नवनीत सहगल पिछले साल 35 वर्ष की लंबी सेवा के बाद रिटायर हुए थे।

1988 बैच के आईएएस अधिकारी नवनीत सहगल बसपा सरकार में मुख्यमंत्री मायावती के सचिव रहे। तब पंचम तल पर वे सबसे प्रभावशाली अधिकारियों में से एक माने जाते थे। हालांकि, वर्ष 2012 में सपा सरकार बनने पर उन्हें हटाकर प्रतीक्षा में डाल दिया गया। लेकिन, कुछ समय बाद ही उन्हें दोबारा तैनाती दे दी गई। दो वर्ष ही पूरे हुए थे वह 2014 में मुख्य धारा में लौटे और प्रमुख सचिव सूचना बना दिए गए। तत्कालीन सीएम अखिलेश यादव के सबसे भरोसेमंद अधिकारियों में से वह एक रहे। उनके पास सूचना विभाग के अलावा यूपीडा की भी जिम्मेदारी रही। यूपीडा के सीईओ रहते उन्होंने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के निर्माण की जिम्मेदारी संभाली।

प्रधान पुत्र पर लगा नाबालिग संग दुष्कर्म का आरोप

गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाई गई पीड़िता

सीतापुर। सीतापुर जिले में प्रधान पुत्र पर नाबालिग संग दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी फरार है। सीतापुर जिले की मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में प्रधान पुत्र पर एक बालिका संग दुष्कर्म का आरोप लगा है। परिजनों का आरोप है कि प्रधान पुत्र उनकी पुत्री को बिस्किट दिलाने के बहाने शुक्रवार देर शाम ले गया था। जब बालिका वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसको तलाशना शुरू किया। वह गांव के पास स्थित नाले के पास मिली। परिजनों ने उसकी हालत देखते हुए सीएचसी में भर्ती करवाया। शनिवार सुबह हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं, पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्रामीणों में रोष, आरोपी फरार

इस वारदात की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने प्रधान के घर पहुचकर रोष व्यक्त किया है। आरोपी फरार है। पुलिस बल मौके पर तैनात है।

एलएलबी छात्र हत्याकांड: गिरफ्तारी के बाद पिस्टल बरामद करने गई पुलिस पर

बदमाश ने झोंकी फायरिंग, मुठभेड़ में अरेस्ट

तेजयुग न्यूज

भदोही। भदोही जिले के कोतवाली क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर गांव में एलएलबी छात्र अमित हत्याकांड में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को शनिवार को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद हत्या में इस्तेमाल पिस्टल की बरामदगी के लिए उसे लेकर उक्त स्थान पर पुलिस पहुंची तो आरोपी ने पिस्टल उठाकर फायर झोंक दिया। जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए औराई सीएचसी में पहुंचाया गया है।

औराई कोतवाली के पुरुषोत्तमपुर गांव के पास बीते सोमवार की सुबह एलएलबी छात्र अमित की सरेराह गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में पुलिस ने बीते बुधवार को आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में सोने की तस्करी को लेकर हत्या करने की बात सामने आई थी।

हत्याकांड में फरार चल रहे अन्य आरोपियों के साथ हत्या में प्रयुक्त पिस्टल की बरामदगी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में तीसरे आरोपी अंकित निवासी दुगुना, कोईरौना का नाम सामने आया। शनिवार की सुबह पुलिस ने उसे माधोसिंह के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने तहसील के पास सुनसान इलाके में पिस्टल रखने की जानकारी दी।

पुलिस अभियुक्त को लेकर उस जगह पर पिस्टल की बरामदगी के लिए पहुंची। बताया जा रहा है कि मौके पर पहुंचते ही आरोपी ने झाड़ी से पिस्टल निकालकर पुलिस पर फायर झोंक दिया और भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस की ओर से जवाब कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी। उसे औराई सीएचसी में भर्ती कराया है।

एएसपी तेजबीर सिंह ने बताया कि अमित हत्याकांड में फरार चल रहे तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर पिस्टल की बरामदगी के लिए लेकर आया गया था। जहां उसने झाड़ी से पिस्टल निकालकर पुलिस पर ही फायर झोंक दिया।

जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी है। औराई में उसका उपचार चल रहा है।

सड़क हादसे में जेएस हिंदू पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य समेत दो लोगों की मौत

तेजयुग न्यूज

मुरादाबाद। तड़के मॉर्निंग वॉक पर निकले जेएस हिंदू पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र बहादुर बरतरिया को तेज रफ्तार बाइक की चालक ने टक्कर मार दी। बाद में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ी। हादसे में डॉ. वीरेंद्र बहादुर बरतरिया (64) और बाइक सवार अशरफ (35) की मौत हो गई। जबकि अशरफ का साथी हैदर गंभीर रूप से घायल हो गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया गया है। मृतक डॉ. वीरेंद्र बहादुर बरतरिया कृष्ण कुंज कॉलोनी के रहने वाले थे। उनके परिवार में पत्नी और बच्चे

हैं। रोज की तरह डॉ. वीरेंद्र बहादुर बरतरिया शनिवार की सुबह करीब छह बजे घर से टहलने के लिए निकले थे।

जैसे ही वह बंबूगढ़ चौराहे से जोया की तरफ बढ़े, तभी पीछे से आ रही बाइक के चालक ने रौंद दिया। टक्कर लगते ही पूर्व प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र बहादुर अचेत अवस्था में सड़क पर गिर पड़े। जबकि टक्कर मारने के बाद कुछ दूर चलकर बाइक भी अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। जिस पर सवार अमरोहा नगर के मोहल्ला अहमदनगर तकिया हुसैन शाह निवासी अशरफ और हैदर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई। पीआरबी की मदद से तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जहां डॉक्टरों ने पूर्व प्राचार्य वीरेंद्र बहादुर बरतरिया और अशरफ को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल हैदर को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

उसकी हालत भी नाजुक बनी हुई है। देहात थानाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मामले में मृतक पूर्व प्राचार्य के बेटे शुभम बरतरिया की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

पहले प्यार के जाल में फंसाया फिर युवती से हद दर्जे की दरिंदगी

सात दिन तक बंधक बनाकर दुष्कर्म

अलीगढ़। देहलीगेट क्षेत्र के एक इलाके की रहने वाली युवती के अनुसार करीब डेढ़ वर्ष पहले मथुरा के बाजना कोलाना निवासी सौरभ बघेल से प्रेम संबंध स्थापित हुए थे। सौरभ शादी का वादा करता था। इसकी जानकारी युवक के स्वजन को थी। वे भी राजी थे। आरोप है कि युवक ने शारीरिक संबंध बनाए। गर्भवती होने पर स्वजन ने दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। वादे करते रहे कि शादी करवा देंगे। इसी बीच युवती दूसरी बार गर्भवती हो गई। आरोपितों ने फिर से गर्भपात करा दिया और शादी का झांसा देते रहे। सात दिन तक घर में छिपाकर रखा और दुष्कर्म किया। एक जनवरी को आरोपित उज्जैन ले गया। वहां भी संबंध बनाए। सीओ अभय पांडेय ने बताया कि सौरभ बघेल, भारती, अनीता, पूरन, प्रशांत, सुरेश व रवि के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। जांच की जा रही है।

स्मृति ईरानी ने आशा बहुओं का किया सम्मान

परिजनों संग रामलला का दर्शन मुफ्त में करवाए जाएगा



तेजयुग न्यूज

अमेठी। केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी ने शनिवार को अमेठी के जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में आयोजित आशा सम्मेलन में भाग लिया साथ ही सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 1809 आशा बहुओं के सम्मान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रथम श्रेणी में पांच हजार रुपए बहनों को दिया गया है। दूसरी श्रेणी में दो हजार और तीसरी श्रेणी में एक हजार रुपए दिया गया। आशा संगनी को प्रथम श्रेणी में पांच हजार, द्वितीय श्रेणी में तीन हजार और तृतीय श्रेणी में एक हजार रुपए दिया गया है। उन्होंने कहा कि कहा कि 700 आशा बहुओ को आज जिले में सम्मान मिला है। 81 सौ बहनों को मात्र वंदना के तहत 6 हजार रुपए मिले हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आशा बहू अपने परिवार के साथ राम लला के दर्शन करने निःशुल्क जाएंगी।

'अब यूपी बनेगा फार्मा सेक्टर का उत्पादक और निर्यातक'

तेजयुग न्यूज

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फार्मा सेक्टर में उत्तर प्रदेश पहले कंज्यूमर (उपभोक्ता) स्टेट था। दवाएं व अन्य जरूरी मेडिकल उत्पाद बाहर से आते थे। अब यूपी फार्मा सेक्टर का उत्पादक और निर्यातक बन जाएगा। इसके लिए सरकार 2000 एकड़ में फार्मा पार्क बना रही है। यूपी में मेडिकल डिवाइस पार्क भी बन रहा है। इससे फामेर्सी के क्षेत्र में युवाओं को भी व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे।

सीएम योगी शुक्रवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में 24.69 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली फामेर्सी बिल्डिंग के शिलान्यास एवं स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 4000

विद्यार्थियों के टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 15 विद्यार्थियों को अपने हाथों से टैबलेट और स्मार्टफोन दिया। सीएम योगी ने कहा कि आज से सात साल पहले भी यूपी में सबकुछ था, लेकिन आगे बढ़ने के संकल्प का अभाव था। प्रदेश वही है, लोग वही हैं, मशीनरी भी वही है लेकिन कार्य संस्कृति बदली तो परिणाम सबके सामने है। आज उत्तर प्रदेश नया और बदला हुआ उत्तर प्रदेश नजर आता है।

युवाओं को प्रेरित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में असंभव कुछ भी नहीं है। यह शब्द उनके लिए है जिन्हें कुछ नहीं करना है। जिनके पास सामर्थ्य, विश्वास और साहस है उनके लिए सब कुछ संभव है। सीएम ने कहा कि जहां चुनौतियां होंगी, वहीं संभावनाएं भी होती हैं। संभावनाओं और अवसर से कभी चूकना नहीं चाहिए।

आजादी के नायकों में शामिल और बीएचयू के संस्थापक मदन मोहन मालवीय जी को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मालवीय जी के नाम पर बना एमएमएमयूटी लगातार उपलब्धियों के पथ पर बढ़ रहा है।

पीयूष के पिता-पत्नी समेत पांच को मिली सुप्रीम राहत

कोर्ट ने उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर लगाई रोक

तेजयुग न्यूज

कानपुर। कानपुर में इत्र कारोबारी पीयूष जैन और अन्य के खिलाफ दर्ज जीएसटी चोरी के मुकदमे में आरोपी बनाए गए पिता, पत्नी, भाई व भाभी समेत पांच आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। इनके खिलाफ किसी उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर कोर्ट ने रोक लगा दी है। वहीं, अभियोजन ने स्पेशल सीजेएम कोर्ट में बाकी आठ आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने के साथ ही पीयूष की फाइल अलग कर मुकदमे में गवाही शुरू करने की मांग की है।

इत्र कारोबारी पीयूष जैन के घर व फर्म से डायरेक्टर जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलीजेंस अहमदाबाद की टीम ने दिसंबर 2021 में छापेमारी कर 197 करोड़ रुपये व 23 किलो सोना बरामद किया था। रुपये बरामदगी के मामले में जीएसटी चोरी और सोना बरामदगी के मामले में कस्टम एक्ट के तहत दो मुकदमे दर्ज

किए गए थे। पिछले दिनों कस्टम एक्ट के मुकदमे में पीयूष को बरी कर दिया गया है। जीएसटी चोरी के मुकदमे में पीयूष के अलावा 13 अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया था, जिनको कोर्ट ने तलब किया था।

पांचों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई पर लगाई है रोक

विशेष लोक अभियोजक अम्ब्रीष टंडन ने बताया कि पीयूष के पिता महेश चंद्र जैन, पत्नी कल्पना जैन, भाई अम्बरीश जैन व भाभी विजय लक्ष्मी के साथ ही बंबई के आरोपी सुनील ए हिरानी की ओर से स्पेशल सीजेएम कोर्ट में सुनवाई के दौरान शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट का आदेश दाखिल किया गया, जिसमें पांचों आरोपियों के खिलाफ किसी तरह की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई गई है। अब इनके खिलाफ कोई समन या वारंट कोर्ट जारी नहीं करेगी।

कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है

अभियोजन की ओर से बाकी आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी करने के लिए अर्जी दी गई थी। इसके अलावा कोर्ट में तर्क रखा गया कि पीयूष को हाईकोर्ट ने सशर्त जमानत दी है। वह कोर्ट में हाजिर है जबकि बाकी आरोपी हाजिर नहीं हो रहे हैं।

पीयूष को 11445 पेज की चार्जशीट की कॉपी भी सौंपी जा चुकी है। ऐसे में पीयूष की फाइल अलग कर गवाही शुरू करा दी जाए, जिससे जल्द से जल्द मुकदमे का निस्तारण हो सके। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।